about the attack by a group of farmers on the office of a Bangalore ba6ed seed company, M/s. Gargil Seeds India Pvt. Ltd. as a mark of protest against the Dunkel Proposals.

(b) The Patents Act 1970 does not permit grant of product patents for plants and seeds in India.

(c) Does not arise.

निर्यात वृद्धि दर के लक्ष्य में कमी

2343. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :
श्री वीरेन जे० शाह :
श्री पर्वतनेनि उपेन्द्र :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 12 फरवीर, 1993 के "दि हिंदुस्तान टाइम्स" में "टारगेटेड एक्सपोर्ट ग्रोथ रेट लाइकली टू फाल शार्ट बाई 50 परसेंट" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर, 1992 तक देश का आयात-निर्यात की तुलना में अधिक हुआ है ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इसके परिणामस्वरूप देश की विदेशी मुद्रा के व्यापार भुगतान संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो गई है ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार भुगतान संतुलन को बनाए रखने के लिए आयात को कम करने और निर्यात को बढ़ाने की नीति पर सतत अमल करेगी; और

(ङ) यदि हां, तो हाल में कतिपय वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क में कमी करके उनके आयात को बढ़ाए जाने के क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) सरकार को दिनांक 12 फरवरी, 1993 को हिन्दुस्तान टाइम्स में "टारगेटेड एक्सपोर्ट ग्रोथ रेट लाइकली टु फाल शार्ट बाई 50 परसेंट" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की जानकारी है।

(ख) अप्रैल-दिसम्बर, 1992 के दौरान निर्यात से आयात निस्संदेह अधिक था। किन्तु, वर्ष 1991-92 की तत्संबंधी अवधि की तुलना में आयात में डालर के रूप में 16.5 की वृद्धि इस वजह से अधिक प्रतीत होती है कि वर्ष 1991-92 के दौरान भुगतान संतुलन में संकट की वजह से आयात में अत्यधिक कमी की गई। वास्तव में तो अप्रैल-दिसम्बर, 1992-93 डालर की दृष्टि से आयात में 1990-91 की उसी अवधि की तुलना में 7.4 की गिरावट आई।

(ग) वर्ष 1992-93 के दौरान आयात में और अधिक सामान्य स्तर तक वृद्धि होने के बावजूद, भुगतान संतुलन की स्थिति सुविधाजनक और नियंत्रण-योग्य रही है, जैसा कि विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि स्तर में दर्शाया गया है।

(घ) निर्यात-आयात नीति 1992-97 का उद्देश्य है नियंत्रण-युक्त विदेशी व्यापार के दायरे में भारत की निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना और प्रतिस्पर्धी आयात प्रतिस्थापन और आत्म-निर्भरता बढ़ाना है।

(ङ) आयात शुल्क में कटौती घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से की जाती है।

Purchase of Sulphur by MMTC

2344. SHRI DINJESHBHAI *TR1*-VEOI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether MMTC has 'purchased Sulphur from Mls. H. J. Baker & Bros., USA during the period from 1986 to 1992;

(.b) if so, the total quantity purchased in terms of tonnage and rupee value for the period from 1986 to 1992; separately, for each, year;